# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in


क्रमांकः जविप्रा/अ.अ.–12 /2021–22/डी– 664 दिनांकः– 27/9/2021

## संशोधित बिड सूचना

इस प्रकोष्ठ द्वारा जारी बिड सूचना संख्या 06/2021–22 कार्य का नाम **Developement works in JDA Scheme Pannadhya Nagar Zone 12 JDA Jaipur**" जिसकी संशोधित बिड सूचना निम्न प्रकार है

1. निविदा की Special Condition, Schedule H में क्र. स. 30 के स्थान पर नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार, के आदेश क्रमांक प 01 (24) /नविवि/1/2020 लूज दिनांक 20.09.2021 को पढ़ा जावे, जो निम्नानुसार हैः ''नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यो की निविदाओं में संवेदको द्वारा बी.एस.आर. दर से कम दर डालने पर अन्तर राशि (AT PAR की दर से जतनी कम है) वर्क परफोरमंस गारन्टी के रूप में कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व ली जाएगी तथा इसे कार्य के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात् दोष निवारण अवधि में कार्य की स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर, दोष निवारण अवधि उपरान्त वापस लौटा दिया जावेगा। न्यूनतम दरदाता की बोली नियमानुसार स्वीकृत कर Letter of Accpetance (LOA) जारी किया जावेगा एवं बी. एस.आर. दर से कम दर की अन्तर राशि की BG/FDR/NSC प्रस्तुत करने हेतु 14 दिवस का समय दिया जावेगा अन्तर राशि जमा नहीं कराने पर BID SECURITY की राशि नियमानुसार जब्त कर ली जावे यदि संवेदक वर्क परफोरमेंस गारण्टी राशि जमा कराने के पश्चात् कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण नही करता है अथवा दोष निवारण अवधि में कार्य में खराबी होती है तो उसकी वर्क परफोरमेंस गारण्टी की राशि जब्त कर ली जावे एवं अनुबन्धानुसार अन्य कार्यवाही भी संपादित की जावे'। (संलग्न आदेश की प्रति)

2. निविदा की Technical Bid में **SPECIAL CONDITION OF THE CONTRACT FOR POTENTIAL ASSESSMENT OF BIDDERS** व अन्य स्थानों पर लिखित **POTENTIAL ASSESSMENT** को **POST QULIFICATION** पढ़ा जावे

3. निविदा की Technical Bid में **Special condition** के **Criteria: no 2 (b)** में शर्त "The bidder should have completed at least one similar nature work in last Five Financial Year (including current year, if opted by the bidder) of value not less than **Rs. 517.24 Lacs** (updated to present price level)". के स्थान पर "The bidder should have completed at least one similar nature work in last Three Financial Year (including current year, if opted by the bidder) of the value not less than 50 % **( Rs. 517.24 Lacs)** of the cost of the work (bid cost) updated to present price level" पढी जावे।



Scanned with CamScanner

Year (including current year, if opted by the bidder) of the value not less than 50 % ( Rs. 517.24 Lacs) of the cost of the work (bid cost) updated to present price level" पढी जावे।

4 निविदा की Technical Bid में **Special condition** के **Criteria: no 2 (c)** में शर्त "The bidder should have achieved an annual financial turnover of at least **Rs. 620.69 Lacs** in any one of last Five financial years (including current year, if opted by the bidder" के स्थान पर "The bidder should have achieved an annual financial turnover of at least 60 % **( Rs. 620.69 Lacs) of the estimated cost of work (bid cost )** in any one of last Three financial years (including current year, if opted by the bidder" पढी जावे।

5 निविदा में Bid submission की अन्तिम दिनांक 01.10.2021 के स्थान पर दिनांक 08.10.2021 पढी जावे।

6 निविदा खोलने की दिनांक 08.10.2021 के स्थान पर दिनांक 20.10.2021 पढी जावे

निविदा की शेष शर्तों यथावत रहेगी।

अधिशाषी अभियंता–12
जविप्रा, जयपुर।



Scanned with CamScanner

# राजस्थान सरकार
# नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

क्रमांकः– प.01(24)नविवि/1/2020 लूज जयपुर, दिनांकः–20 SEP 2021

## आदेश

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के अर्न्तगत विभिन्न विकास कार्यो की निविदाओं में संवेदकों द्वारा बी.एस.आर. दर से कम दर डालने पर अन्तर राशि (AT PAR की दर से जितनी कम है) वर्क परफोरमेंस गारन्टी के रूप में कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व ली जाएगी तथा इसे कार्य के सन्तोपजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात दोष निवारण अवधि में कार्य की स्थिति सन्तोपजनक पाए जाने पर, दोषनिवारण अवधि उपरान्त वापस लौटा दिया जावेगा। न्यूनतम दरदाता की बोली नियमानुसार स्वीकृत कर Letter of acceptance (LOA) जारी किया जावेगा एव बी.एस.आर. दर से कम दर की अन्तर राशि की BG/FDR/NSC प्रस्तुत करने हेतु 14 दिवस का समय दिया जायेगा। अन्तर राशि जमा नहीं कराने पर BID SECURITY की राशि नियमानुसार जब्त कर ली जावें। यदि संवेदक वर्क परफोरमेंस गारन्टी राशि जमा कराने के पश्चात कार्य सन्तोषजनक रूप से पूर्ण नही करता है अथवा दोष निवारण अवधि में कार्य में खराबी होती है तो उसकी वर्क परफोरमेंस गारन्टी की राशि जब्त कर ली जावे एवं अनुवन्धानुसार अन्य कार्यवाही भी संपादित की जावें। यह आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू किये जाते है। यह आदेश उन सभी निविदाओं पर लागू होगा जो कि भविष्य में जारी होगी तथा वे निविदाएं जो इस आदेश के जारी होने की दिंनाक तक अप्राप्त है, इस सम्बन्ध में निविदा दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन तुरन्त संबन्धित उपापन अधिकारी द्वारा किया जावे एवं नवीन सभी निविदाओं में उक्त शर्तो का समावेश किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(कुन्जीलाल मीना)
प्रमुख शासन सचिव
नगरीय विकास विभाग



Scanned with CamScanner

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# राजस्थान सरकार
# नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।:–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर
4. निजी सचिव, निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर।
5. वरिष्ठ उपशासन सचिव, नगरीय विकास विभाग को प्रेषित कर लेख है कि इस आदेश को नगरीय विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करावें।
6. सचिव, विकास प्राधिकरण, जयपुर/जोधपुर/अजमेर।
7. सचिव, नगर विकास न्यास, अलवर, आबू, बाडमेर, भरतपुर, बीकानेर, भीलवाडा, चित्तौडगढ, जैसलमेर, पाली, कोटा, उदयपुर, सीकर, श्रीगंगानगर एवं सवाईमाधोपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय)
नगरीय विकास विभाग

कार्यालय का पता– खाद्य भवन, द्वितीय तल, कमरा नं0 7203, शासन सचिवालय, जयपुर–302005
ई–मेल आई.डी. CEUDHRAJASTHAN@GMAIL.COM

Scanned with CamScanner